CDS II 2020 General Knowledge

1.गर्म करने पर लेड नाइट्रेट देता है:

A. PbO_2 और NO2

B. PbO और NO2

C. PbO और NO

D. PbO_2 और NO

2.फॉस्फोरस की संयोजकता है:

A. 2, 3
B. 3, 4
C. 4, 5
D. 3, 5

3.निम्नलिखित में से कौन सा ऑक्सीजन के साथ अभिक्रिया पर एक ऑक्साइड नहीं बनाता है?

A. मैग्नीशियम

B. लेड

C. टिन

D. सिल्वर

4.जैविक ऊतकों के भंडारण के लिए निम्नलिखित में से किसका प्रयोग किया जाता है?

A. तरल नाइट्रोजन

B. तरल हीलियम

C. तरल ऑर्गन

D. तरल ब्रोमीन

5.हाइड्रोजन का रेडियोधर्मी समस्थानिक है:

A. प्रोटियम

B. ड्यूटेरियम

C. ट्रिटियम
D. हाइड्रोनियम

6.प्रतिजैविक जैसे कि पेनिसिलिन अवरुद्ध करते हैं:

A. जीवाणु में कोशिका भित्ति का निर्माण
B. जीवाणु में आरएनए संश्लेषण
C. जीवाणु में डीएनए संश्लेषण
D. जीवाणु में विभाजन

7.मनुष्यों में, सामान्य महिला बच्चे के जन्म का निर्धारण करने वाले गुणसूत्र होते हैं:

A. एक X गुणसूत्र माता से और एक X गुणसूत्र पिता से
B. एक X गुणसूत्र माता से और एक Y गुणसूत्र पिता से
C. दो X गुणसूत्र माता से और एक X गुणसूत्र पिता से
D. एक X गुणसूत्र और एक Y गुणसूत्र पिता से तथा एक X गुणसूत्र माता से

8.परिपक्व स्क्लेरेन्काइमा कोशिकाओं में होती है:

A. सेलुलोस भित्ति और जीवित होती हैं
B. काष्ठीय भित्ति और जीवित होती हैं
C. सुबेरिनमय भित्ति और मृत होती है
D. काष्ठीय भित्ति और मृत होती है

9.फ्लोएम के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

A. फ्लोएम जल और खनिजों का परिवहन करता है।
B. फ्लोएम प्रकाश संश्लेषक उत्पादों का परिवहन करता है।
C. फ्लोएम एक साधारण ऊतक है।
D. फ्लोएम पौधे को सहारा देता है।

10.निम्नलिखित में से कौन सा ऊर्जा का एक गैर-पारंपरिक स्रोत है?

A. पेट्रोलियम
B. कोयला
C. रेडियोधर्मी तत्व
D. सौर ऊर्जा

11.स्रोत और स्क्रीन का निम्नलिखित में से कौन सा संयोजन एक अपारदर्शी वस्तु की सबसे स्पष्ट छाया उत्पन्न करेगा?

A. एक बिंदु स्रोत और एक अपारदर्शी स्क्रीन
B. एक विस्तारित स्रोत और एक अपारदर्शी स्क्रीन
C. एक बिंदु स्रोत और एक पारदर्शी स्क्रीन
D. एक विस्तारित स्रोत और एक पारदर्शी स्क्रीन

12.निम्नलिखित में से कौन सी परिघटना इस तथ्य की पुष्टि करती है कि प्रकाश ध्वनि की तुलना में बहुत तेजी से यात्रा करता है?

A. रात के आकाश में तारों का टिमटिमाना
B. एक माचिस की तीली का जलना
C. तूफ़ान
D. मरीचिका

13.जब कोई प्रकाश किरण आपतन कोण 0° पर जल से कांच के माध्यम में प्रवेश करती है, तो अपवर्तन कोण क्या होगा?

A. 90°
B. 45°
C. 0°
D. किरण प्रवेश नहीं करेगी

14.एक चमकदार वस्तु को फोकल लंबाई 25 सेमी के एक अभिसारी लेंस से 40 सेमी की दूरी पर रखा जाता है। स्क्रीन पर प्राप्त प्रतिबिंब है:

A. सीधा और आवर्धित
B. सीधा और छोटा

C. उल्टा और आवर्धित

D. उल्टा और छोटा

15.निम्नलिखित में से कौन सा लेंस प्रकाश किरणों को सबसे बड़े कोण से मोड़ देगा?

A. क्षमता +2.0 D वाला लेंस

B. क्षमता +2.5 D वाला लेंस

C. क्षमता −1.5 D वाला लेंस

D. क्षमता −2.0 D वाला लेंस

16.__________के गठन के करण चांदी की वस्तुएं लंबे समय तक खुले में रखने से काली हो जाती है।

A. H_2S

B. AgS

C. $AgSO_4$

D. Ag_2S

17.निम्नलिखित में से कौन सा ऑक्साइड अम्लीय और क्षारकीय व्यवहार दोनों को दर्शाता है?

A. जिंक ऑक्साइड

B. कॉपर ऑक्साइड

C. मैग्नीशियम ऑक्साइड

D. कैल्शियम

18.निम्नलिखित में से उन तत्वों के सही युग्म को पहचानिए जो कमरे के तापमान और मानक दाब पर तरल होते हैं।

A. ब्रोमीन और फ्लोरीन

B. पारा और रुबिडियम

C. ब्रोमीन और थैलियम

D. ब्रोमीन और पारा

19.एक तत्व का प्रतीक किसके द्वारा प्रस्तुत किया गया था?

A. जॉन डाल्टन
B. एंटोनी लावोइसियर
C. जोन्स जैकब बेरजेलियस
D. रॉबर्ट डॉयल

20.सोडियम क्लोराइड (नमक) और अमोनियम क्लोराइड के एक मिश्रण को किसके द्वारा पृथक किया जा सकता है?

A. ऊर्ध्वपातन
B. निस्पंदन
C. वर्णलेखन
D. आसवन

21.अम्ल पित्त स्राव के अलावा, पेप्टिक अल्सर भी जीवाणु संक्रमण के कारण विकसित होते हैं। प्रेरक एजेंट है:

A. हेलिकोबैक्टर पाइलोरी
B. ई कोलाई
C. स्ट्रेप्टोकोकस निमोनिया
D. साल्मोनेला टाइफिमुरियम

22.पक्षियों और चमगादड़ों के पंखों को अनुरूप संरचना माना जाता है क्योंकि उनमें होते हैं:

A. सामान्य उत्पत्ति और सामान्य कार्य
B. विभिन्न उत्पत्ति और सामान्य कार्य
C. सामान्य उत्पत्ति और विभिन्न कार्य
D. विभिन्न उत्पत्ति और विभिन्न कार्य

23.मोती किससे प्राप्त किया जाता है?

A. झींगा
B. पिला

C. ट्यूना
D. सीप

24.एक विशेष जीव के सभी व्यक्ति, जैसे कि गुलाब के पौधे, एक वर्गीकरण श्रेणी से संबंधित होते हैं, जिसे कहा जाता है:

A. प्रजाति
B. वंश
C. कुल
D. गण

25.पादप जगत प्लांटी के तहत, निम्नलिखित में से कौन से जीव मुख्य रूप से जलीय होते हैं?

A. ब्रायोफाइटा
B. शैवाल
C. टेरिडोफाइटा
D. अनावृतबीजी

gradeup

26.यदि वायु में प्रकाश की चाल को c से दर्शाया जाता है और एक माध्यम में चाल v है, तो निम्नलिखित में से किस सूत्र का प्रयोग करके माध्यम के अपवर्तनांक की गणना की जा सकती है?

A. $\frac{v}{c}$
B. $\frac{c}{v}$
C. $\frac{c}{2v}$
D. $\frac{c-v}{c}$

27.पराबैंगनी प्रकाश के संदर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है?

A. यह एक विद्युत चुम्बकीय तरंग है
B. यह एक निर्वात के माध्यम से यात्रा कर सकता है
C. यह एक अनुदैर्ध्य तरंग है
D. इसकी तरंगदैर्ध्य दृश्य प्रकाश की तुलना में छोटी होती है

28.न्यूट्रॉन के गुणधर्मों के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?

A. न्यूट्रॉन का द्रव्यमान प्रोटॉन के द्रव्यमान के लगभग बराबर होता है
B. न्यूट्रॉन पर शून्य आवेश होता है
C. न्यूट्रॉन परमाणु नाभिक के अंदर स्थित होते हैं
D. न्यूट्रॉन परमाणु नाभिक के चारों ओर घूमते हैं

29.यदि दो वस्तुओं के बीच की दूरी दो गुना बढ़ जाती है, तो उनके बीच गुरुत्वाकर्षण बल क्या होगा:

A. समान रहेगा
B. दो गुना बढ़ जाएगा
C. दो गुना कम हो जाएगा
D. चार गुना कम हो जाएगा

gradeup

30.यदि किसी गतिशील वस्तु का रैखिक संवेग किसी बल को आरोपित करने से दोगुना हो जाता है, तो उसकी गतिज ऊर्जा क्या होगी:

A. समान रहेगी
B. चार गुना बढ़ जाएगी
C. दो गुना बढ़ जाएगी
D. आठ गुना बढ़ जाएगी

31.चंद्रयान- 2 मिशन में प्रयोग में लाया गया प्रज्ञान (रोबर) कितने पहिए वाला था?

A. 2
B. 3
C. 4
D. 6

32.भारत की निम्नलिखित में से किस झील में चाँद पर पाया जाने वाला एक पदार्थ अधिक मात्रा में मिलता है?

A. लोनार झील, महाराष्ट्र
B. पैगांग झील, लद्दाख
C. चिलका झील, ओडिशा
D. लोकटक झील, मणिपुर

33.भारत सरकार का 'भारत में रहें और भारत में अध्ययन करें' कार्यक्रम किसकी पहल है?

A. युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
B. संस्कृति मंत्रालय
C. शिक्षा मंत्रालय
D. पर्यटन मंत्रालय

34.ए. एस. ई. ई. एम क्या है?

A. आत्मनिर्भर स्किल्ड इम्प्लॉइ इम्प्लॉयर मेजरमेंट
B. आत्मनिर्भर स्किल्ड इम्प्लॉइ इम्प्लॉयर मैपिंग
C. आत्मनिर्भर स्किल्ड इम्प्लॉइ एंटरप्राइजेज मीडियम
D. ऑटोमैटिक स्किल्ड इम्प्लॉइ इम्प्लॉयर मिशन

35.भारत में हाल में एक दुर्लभ प्रकार का पीला कछुआ खोजा गया था। किस राज्य में यह देखा गया था?

A. उत्तराखंड
B. ओडिशा
C. तमिलनाडु
D. अरूणाचल प्रदेश

36.इनमें से किसने 1942 में सभा (असेंबली) के गोपनीय बैठक सत्र का प्रस्ताव रखा?

A. एम. एस. अने
B. जी. वी. मावलंकर

C. सी. एम. स्टीफेन

D. ए. अय्यंगर

37.निम्नलिखित में से कौन-सा लोक सभा के महासचिव के विषयम में सही नहीं है?

A. महासचिव, अध्यक्ष (स्पीकर) का सलाहकार है।

B. महासचिव, अध्यक्ष (स्पीकर) के नाम से प्राधिकार के अधीन कार्य करता है।

C. महासचिव, अध्यक्ष (स्पीकर) द्वारा प्रत्यायोजित प्राधिकार के अधीन कार्य करता है।

D. महासचिव, अध्यक्ष (स्पीकर) के नाम से आदेश पारित करता है।

38.इनमें से किसने 1914 में सेवा समिति बॉय स्काउट्स एसोसिएशन का गठन किया था?

A. हृदय नाथ कुंजरु

B. एस. जी. वाजे

C. एनी बेसेंट

D. श्री राम बाजपेयी

39.निम्नलिखित में से कौन-सी, सही अर्थों में, भारत की प्रथम ट्रेड यूनियन थी?

A. बॉम्बे लेबर यूनियन

B. अहमदाबाद लेबर यूनियन

C. मद्रास लेबर यूनियन

D. इलाहाबाद लेबर यूनियन

40.इनमें से किसने 1920 में प्रथम ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कॉंग्रेस की स्थापना की थी?

A. बी. पी. वाडिया

B. एस. ए. डांगे

C. एन. एम. जोशी

D. बी. टी. रणदिवे

41.कलकत्ता में 1939-
40 के दौरान सुभाष चंद्र बोस ने हालवेल स्मारक को नष्ट करने के लिए किसके साथ मैत्री की थी ?

A. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी
B. मुस्लिम लीग
C. हिन्दू महासभा
D. यूनियनिस्ट पार्टी

42.निम्नलिखित में से किस स्थान पर मिर्जा गुलाम अहमद द्वारा अहमदिया आंदोलन प्रारम्भ किया गया था?

A. पटना
B. अलीगढ़
C. भोपाल
D. गुरदासपुर

43.भारत सरकार विधेयक (गवर्नमेंट ऑफ इंडिया बिल),
1919 पर गठित संयुक्त प्रवर समिति के समक्ष महिला मताधिकार के पक्ष में इनमें से किसने/किन्होंने साक्ष्य दिया?

1) श्रीमती एनी बेसेंट

2) श्रीमती सरोजिनी नायडू

3) श्रीमती हीराबाई टाटा

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

44.निम्नलिखित में से कौन-सा लगर भूमध्यरेखा के सबसे निकट है?

A. मोगादिशू

B. सिंगापुर

C. कोलम्बो

D. मनीला

45.भारत का बृहत्तम भौगोलिक क्षेत्र निम्नलिखित में से किस प्रकार की मृदा से आच्छादित है?

A. इंसेप्टिसोल

B. एंटीसोल

C. अल्फिसोल

D. वर्टिसोल

46.निम्नलिखित में से कौन-सा उष्णकटिबंधीय (ट्रॉपिकल) सवाना जलवायु को सूचित करता है?

A. Aw
B. Dfc
C. Cwg
D. Am

47.समताप रेखा, जो जनवरी माह में भारत को उत्तर-
दक्षिण, लगभग दो सम भागों में विभाजित करती है, निम्नलिखित में से कौन-सी है?

A. 10°C
B. 25°C
C. 15°C
D. 20°C

48.भारत में किस वर्ष में जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर प्रतिशत के रूप में सर्वाधिक थी?

A. 1991
B. 1981
C. 1971
D. 1961

49.सामान्यत: इमारती लकड़ी की वनस्पति निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में नहीं पायी जाती?

A. उपोष्ण (सब-ट्रॉपिकल) क्षेत्र
B. शीतोष्ण (टेंपरेट) क्षेत्र
C. अल्पाइन क्षेत्र
D. टुंड्रा क्षेत्र

50.निम्नलिखित में से भारत के किस स्थान पर वर्ष में न्यूनतम वर्षा होती है?

A. जोधपुर
B. लेह
C. नयी दिल्ली
D. बेंगलुरु

51.2019-
20 के दौरान प्रमुख सहायिकी (सब्सिडी) पर व्यय के बजट अनुमान के अनुसार निम्नलिखित में से किस पर सर्वाधिक व्यय होना था?

A. यूरिया सहायिकी
B. पेट्रोलियम सहायिकी
C. भोजन सहायिकी
D. उर्वरक सहायिकी

52.2019-20 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था के विषय में निम्नलिखित में से कौन-
सा कथन सही नहीं है?

A. वृद्धि दर में अवमंदन हुआ है।
B. बजट अनुमान की तुलना में कर राजस्व में सुस्त वृद्धि हुई।
C. जी. डी. पी. के प्रतिशत के रूप में राजकोषीय घाटा, बजट अनुमान के अनुरूप है।
D. गैर-कर राजस्व में काफी अधिक वृद्धि दर्ज (रजिस्टर) हुई है।

53.राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-
सा कथन सही नहीं है?

A. अधिनियम को वर्ष 2013 में अधिनियमित किया गया था।
B. अधिनियम को वर्ष 2014 में लागू किया गया था।

AFCAT I 2021
An Express Course
START FREE TRIAL

C. अधिनियम 67 प्रतिशत जनसंख्या को अत्यधिक सहायिकी-
प्राप्त (सब्सिडाइज्ड) अनाज पाने के लिए कानूनी रूप से हकदार बनाता है।
D. अधिनियम को सभी राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में लागू किया जा रहा है।

54.विश्व बैंक के कारोबार में सुगमता श्रेणीक्रम के अनुसार वर्ष 2014 में भारत का क्रम (रैंकिंग) 142 था, वर्ष 2019 में इसमें सुधार होकर यह क्रम (रैंकिंग)
63 हुआ। इस अवधि में, निम्नलिखित में से किस मानदंड (पैरामीटर) में भारत में क्रम में गिराव ट आयी है?

A. कारोबार आरंभ करने की सुगमता
B. विद्युत् की उपलब्धता
C. संपत्ति का पंजीकरण
D. कर का भुगतान

55.बजट अनुमान 2019-
20 के अनुसार संघीय सरकार के कर प्राप्ति के कुछ महत्वपूर्ण स्रोत निम्नलिखित हैं:

1. निगम कर

2. निगम कर के अतिरिक्त आय पर कर

3. वस्तु एवं सेवा कर

4. संघीय उत्पाद शुल्क

निम्नलिखित में से कौन-
सा जी. डी. पी. के प्रतिशत के रूप में उपर्युक्त कर प्राप्ति का सही अवरोही क्रम है?

A. 1, 2, 3, 4
B. 1, 3, 2, 4
C. 3, 2, 1, 4
D. 2, 4, 3, 1

56.सूची-I को सूची-
II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

AFCAT I 2021
An Express Course
START FREE TRIAL

सूची-I सूची-II

(सक्रिय ज्वालामुखी) (स्थान)

a. माउंट मेरापी 1. हवाई

b. सकूराजिमा 2. इटली

c. माउंट वेसूवियस 3. जापान

d. मौना लोआ 4. इंडोनेशिया

कूट:

a b c d

A. 1 2 3 4
B. 1 3 2 4
C. 4 2 3 1
D. 4 3 2 1

57.निम्नलिखित में से कौन-सा देश मकर रेखा पर स्थित नहीं है?

A. चिली
B. ब्राजील
C. पैराग्वे
D. उरुग्वे

58.इनमें से कौन अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर का वास्तुकार है?

A. पी. ओ. सोमपुरा
B. चंद्रकांत सोमपुरा
C. बृन्दा सौम्या
D. बी. वी. दोशी

59.बागजन में जो ओ. आइ. एल. के कुएँ के निकट हाल का विस्फोट किस कारण हुआ?

A. आग बुझाते समय चरखी (स्पूल) को हटाने के कारण
B. डिपो से तेल का पाइपलाइन में स्थानांतरण के कारण
C. मिथाइल आइसोसायनाइड के रिसाव के कारण
D. रेडियोधर्मी पदार्थों से विकिरण के रिसाव के कारण

60.निम्नलिखित में से किस भारतीय संस्थान को भारत के औषधि महानियंत्रक द्वारा ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेक कोविड-19 टीके के मानव परीक्षण करने की स्वीकृति दी गयी?

A. भारत बायोटेक
B. ए. आइ. आइ. एम. एस.
C. भारतीय सीरम संस्थान (सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया)
D. राष्ट्रीय महामारी-विज्ञान संस्थान (नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी)

61.'लिटिल बॉय' क्या है?

A. हिरोशिमा पर गिराया गया विखंडनशील बम
B. नागासाकी पर गिराया गया संलयन बम
C. अमरीका द्वारा परीक्षित प्रथम नाभिकीय बम
D. उत्तरी कोरिया द्वारा परीक्षित प्रथम नाभिकीय बम

62.अगस्त 2020 में बेरूत में एक धमाका हुआ है, जिसमें लगभग सौ लोगों की जान गयी है और हजार घायल हुए हैं। यह धमाका किससे हुआ।

A. डायनामाइट
B. अमोनियम नाइट्रेट
C. आर. डी. एक्स.
D. मरकरी नाइट्राइड

63.'संरक्षी लोकतंत्र' से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

A. यह प्रस्तुत करता है कि लोकतंत्रों में नागरिक भागीदारी अनिवार्य है।
B. नागरिकों को स्वयं को सरकारी अतिक्रमण से सुरक्षित रखने में सक्षम होना चाहिए।
C. यह हस्तक्षेप-रहित (लैसंज-फेयर) पूँजीवाद के सुसंगत है।

AFCAT I 2021
An Express Course
START FREE TRIAL

D. औपचारिक संदर्भ में राजनीतिक समानता को समान मताधिकार समझा जा सकता है।

64.निमनलिखित में से पंचायतों से संबंधित कौन-सा कथन सही नहीं है?

A. किसी राज्य का विधानमण्डल पंचायतों की संरचना के संदर्भ में, विधि द्वारा, उपबंध कर सकता है।
B. पंचायत क्षेत्र का अर्थ है पंचायत का प्रादेशिक क्षेत्र।
C. ग्राम सभा में पंचायत के अंतर्गत गाँव की मतदाता सूची में आने वाले सभी व्यक्ति सम्मिलित होते हैं।
D. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लिए स्थान (सीट) का आरक्षण जनसंख्या में उनके अनुपात से बिलकुल संबंधित नहीं है।

65.राज्यपाल का विशेष अभिभाषण, राज्यपाल द्वारा किस अवसर पर दिये जाने वाले अभिभाषण से संदर्भित है?

A. जब राष्ट्रपति शासन की आवश्यकता हो
B. जब राष्ट्रीय आपात स्थिति में विधान सभा का भंग आवश्यक हो
C. आम चुनाव के बाद बुलाये गये प्रथम सत्र के आरम्भ में तथा प्रत्येक वर्ग के प्रथम सत्र पर
D. जब वह इसकी आवश्यकता समझे

66.निम्नलिखित में से कौन-सा धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र का लक्षण नहीं है?

A. यह धर्मतंत्र को अस्वीकार करता है।
B. यह धर्म को राष्ट्र से अलग करता है।
C. एक राष्ट्र को धर्मनिरपेक्ष होने के लिए अवश्य ही लोकतांत्रिक होना चाहिए।
D. इसको अवश्य ही धार्मिक संघर्ष रोकना चाहिए और धार्मिक समन्वय बढ़ाना चाहिए।

67.सप्तक्रांति (सात क्रांतियां) का समाजवादी विचार किसके द्वारा प्रस्तावित था?

A. राम मनोहर लोहिया
B. जवाहरलाल नेहरू
C. एम. जी. रानाडे
D. जयप्रकाश नारायण

AFCAT I 2021
An Express Course
START FREE TRIAL

68.राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण किस मंत्रालय के अधीन कार्य करता है?

A. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन
B. गृह
C. वाणिज्य तथा उद्योग
D. वित्त

69.इनमें से किन्होंने नैशनल लिबरेशन फेडरेशन (लिबरल पार्टी) बनाया?

A. मोतीलाल नेहरू और सी. आर. दास
B. मोहम्मद अली और सी. आर. दास
C. टी. बी. सप्रू और एम. आर. जयकर
D. एम. आर. जयकर और सी. आर. दास

70.इनमें से किसने अक्टूबर 1925 में सबसे पहले सेंट्रल प्रोविंसों में मंत्री पद स्वीकार किया?

A. बी. एस. मुंजे
B. एम . आर. जयकर
C. एस . बी. ताम्बे
D. बी. एन. सासमल

71.प्रथम विश्वयुद्ध के उपरांत त्रिवेणी संघ किन्होंने बनाया था?

A. जाट और गुज्जर
B. राजपूत और यादव
C. जाट और यादव
D. अहीर और कुर्मी

72.इनमें से कितने मोहम्मडन ऐंग्लो-ओरिएंटल डिफेंस एसोसिएशन (1893) की स्थापना की?

A. ऑकलैंड कोल्विन
B. बदरुदीन तैयबजी
C. थियोडोर बेक

D. सर सैयद अहमद खान

73.काँग्रेस नरमपंथियों द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सी माँग नहीं रखी गयी थी?

A. सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार
B. शस्त्र अधिनियम का निरसन
C. स्थायी बंदोबस्त (संट्लमेंट) का विस्तार
D. सेना में भारतीयों के लिये ऊँचे पद

74.इनमें से किसने 19वीं शताब्दी में सतपत्र श्रृंखला लिखा?

A. एम. जी. रानाडे
B. बी. जी. तिलक
C. बंकिम चंद्र चटर्जी
D. जी. एच. देशमुख

75.विश्व की विशालतम बैरियर रीफ प्रणाली कहाँ स्थित है?

A. पूर्वी ऑस्ट्रेलियाई तट
B. पश्चिमी ऑस्ट्रेलियाई तट
C. उत्तरी ऑस्ट्रेलियाई तट
D. दक्षिणी ऑस्ट्रेलियाई तट

76.नागरिकता (संशोधन) अधिनियम भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस भाग के अंतर्गत आता है?

A. भाग I
B. भाग II
C. भाग IV
D. भाग VI

77.भारतीय न्याय व्यवस्था में रिट किसके द्वारा जारी की जाती है?

A. केवल उच्चतम न्यायालय
B. केवल उच्च न्यायालय
C. केवल उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय
D. उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय और निचले न्यायालय

78.इनमें से कौन संविधान सभा का सलाहकार था?

A. बी. एन. राव
B. बी. आर. अम्बेडकर
C. पट्टाभि सीतारमैया
D. अल्लादि कृष्णास्वामी

79.भारत के संविधान की उद्देशिका में संविधान संशोधन, 1976 द्वारा निम्नलिखित में से कौन-से शब्द जोड़े गये?

1) समाजवादी

2) पंथनिरपेक्ष

3) सत्य-निष्ठा

4) बंधुता

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

A. केवल 1 और 2
B. 1, 2 और 3
C. 2 और 4
D. 1, 3 और 4

80.निम्नलिखित में से कौन-सा भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित राजनीतिक दलों की वर्गीकृत श्रेणी नहीं है?

A. राष्ट्रीय दल
B. राज्य द्वारा मान्यताप्राप्त दल

gradeup

AFCAT I 2021
An Express Course
START FREE TRIAL

C. क्षेत्रीय दल
D. पंजीत गैर-मान्यताप्राप्त दल

81.निम्नलिखित में से संसदीय समितियों के सदस्यों की नियुक्ति से संबंधित कौन-सा कथन सही है?

A. सदस्यों की केवल नियुक्ति होती है।
B. सदस्यों का केवल चयन किया जाता है।
C. सदस्यों को केवल नामित किया जाता है।
D. लोक सभी अध्यक्ष अथवा राज्य सभा सभापति द्वारा लाये गये तथा स्वीकृत किये गये प्रस्ताव के आधार पर अथवा नामांकन के आधार पर सदस्यों की नियुक्ति की जाती है अथवा सदस्यों का चयन किया जाता है।

82.निम्नलिखित में से संसद सदस्यों के विशेषाधिकारों से संबंधित कौन-से कथन सही हैं?

1) विशेषाधिकार भारत के संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) द्वारा बाधित नहीं होंगे।

2) विशेषाधिकारों को भारत के संविधान के अनुच्छेदों 20-22 तथा अनुच्छेद 32 के अधीन ही पढ़ा जायेगा।

3) सिविल तथा आपराधिक दोनों प्रकार के अभियोजन से उन्मुक्ति उपलब्ध है।

4) बोलने की स्वतंत्रता के संबंध में, निजी तथा वैयक्तिक स्तर पर भी, उन्मुक्ति उपलब्ध है।

नीचे दिये गये कूट प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

A. 1, 2 और 4
B. केवल 1 और 2
C. 2 और 3
D. केवल 1 और 4

83.अल-बिरूनी की किताब-उल-हिन्द किस भाषा में लिखी गयी थी?

A. अरबी
B. फारसी

C. उर्दू
D. तुर्की

84.इब्न बतूता इनमें से किस दिल्ली सुल्तान के दूत के रूप में चीन गया?

A. अलाउद्दीन खिलजी
B. मुहम्मद बिन तुगलक
C. इल्तुतमिश
D. फिरोज शाह तुगलक

85.निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

आजमगढ उद्घोषण संदर्भित है

1) 1857 के विद्रोहियों की घोषणा से

2) 1942 के विद्रोह में भूमिगत आंदोलन के मुखिया के वक्तव्य से

ऊपर दिये गये कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

86.निम्नलिखित में से कौन-सा नगर 1857 के विद्रोह का केन्द्र नहीं था?

A. अयोध्या
B. आगरा
C. दिल्ली
D. कानुपर

87.भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस (इंडियन नेशनल काँग्रेस) के निम्नलिखित में से किस सत्र में मूलभूत अधिकारों और आर्थिक नीति पर संकल्प पारित (पास) किया गया?

AFCAT I 2021
An Express Course
START FREE TRIAL

A. त्रिपुरी सत्र
B. लाहौर सत्र
C. लखनऊ सत्र
D. कराची सत्र

88.इनमें से किसने द फिलासफी ऑफ द वॉम लिखी?

A. सुखदेव
B. चंद्रशेखर आजाद
C. भगवतीचरण वोहरा
D. भगत सिंह

89.निम्नलिखित में से गुप्तकालीन सिक्कों से संबंधित कौन-सा कथन सही नहीं है?

A. गुप्त राजाओं ने बड़ी संख्या में सोने के सिक्के जारी किये जो 'दीनार' कहलाते थे।
B. चंद्रगुप्त दिवतीय, कुमारगुप्त प्रथम, स्कंदगुप्त तथा बुद्धगुप्त ने चाँदी के सिक्के जारी किये।
C. सिक्कों के अग्रभाग पर राजाओं की आकृति उकेरी गयी है तथा पृष्ठभाग पर देव प्रतिमाओं की ।
D. गुप्त राजाओं द्वारा जारी किये गये सबसे अधिक सिक्के ताँबे के थे।

90.गांधार कला शैली के आरंभिक काल में नीला शिष्ट और हरा फाइलाइट का प्रयोग होता था। गांधार शैली के शिल्पियों द्वारा प्रयोग किये जाने वाली प्रमुख सामग्री के रूप में गच (स्टको) ने कब पत्थर को संपूर्ण रूप से प्रतिस्थापित कर दिया?

A. प्रथम शताब्दी वर्तमान युग (सी. ई.)
B. द्यितीय शताब्दी वर्तमान युग (सी. ई.)
C. तृतीय शताब्दी वर्तमान युग (सी. ई.)
D. पंचम शताब्दी वर्तमान युग (सी. ई.)

91.निम्नलिखित में से कौन-सी नदीय भू-आकृति नहीं है?

A. सर्क
B. महाखड्ड (जॉर्ज)

AFCAT I 2021
An Express Course
START FREE TRIAL

C. गुंफित (ब्रैड्स)
D. गभीर खड्ड (कैनियन)

92.निम्नलिखित में से किस देश में टुंड्रा वनस्पति नहीं है?

A. बेलारूस
B. संयुक्त राज्य अमेरिका
C. रूस
D. कनाडा

93.सूर्य से सबसे निकटवर्ती चार ग्रह क्या कहलाते हैं?

A. पार्थिव ग्रह
B. विशालकाय ग्रह
C. बामन ग्रह
D. गैसीय ग्रह

94.निम्नलिखित में से किसको समुद्रों का सबसे गहरा बिंदु माना जाता है?

A. टोंगा खाई
B. मरियाना खाई
C. फिलीपीन खाई
D. केरमाडेक खाई

95.निम्नलिखित में से कौन-सी प्रमुख विवर्तनिक प्लेट नहीं है?

A. सऊदी अरब प्लेट
B. अंटार्कटिका तथा चारों और की सामुद्रिक प्लेट
C. भारत-ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड प्लेट
D. प्रशांत प्लेट

96.निम्नलिखित में से हिन्द महासागर के किस द्वीपीय राष्ट्र ने हाल में एक भूग्रस्त (ग्राउंडेड) जलपोत से तेल के रिसाव के कारण पर्यावरणीय आपातकाल की घोषणा की है?

AFCAT I 2021
An Express Course
START FREE TRIAL

A. मालदीव
B. मॉरीशस
C. मेडागास्कर
D. श्रीलंका

97.इनमें से किसे अगस्त 2020 में श्रीलंका के प्रधानमंत्री के रूप में चौथी बार शपथ दिलायी गयी ?

A. गोटाबाबा राजपक्षे
B. बासिल राजपक्षे
C. महिन्दा राजपक्षे
D. नामल राजपक्षे

98.हाल में अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह को मुख्य भूभाग से अंत:समुद्री (सबमैरीन) ऑप्टिकल फाइबर केबल द्वारा जोड़ा गया था। निम्नलिखित में से कौन-सा द्वीप आरम्भ में नहीं जोड़ा गया था?

A. शहीद द्वीप
B. स्वराज द्वीप
C. लिटिल अंडमान
D. पोर्ट ब्लेयर

99.इनमें से किसने वर्ष 2019 में विम्बल्डन टेनिस चैम्पियनशिप (महिला) का एकल खिताब जीता है?

A. कैरोलीना प्लिस्कोवा
B. सिमोना हालेप
C. सेरेना विलियम्स
D. नाओमी ओसाका

100.निम्नलिखित में से कौन-सा सेवामुक्त विमानवाहक पोत है?

A. आइ. एन. एस. राजपूत
B. आइ. एन. एस. चक्र

AFCAT I 2021
An Express Course
START FREE TRIAL

C. आइ. एन. एस. खांडरी
D. आइ. एन. एस. विराट

101.ब्यूनस आयर्स और मांटेवीडियो किस नदी के किनारे बसे हैं?

A. रिवर प्लेट
B. ओरिनोको रिवर
C. पूरुस रिवर
D. मदीरा रिवर

102.निम्नलिखित में से कौन-
सा भारत का एक संघ राज्यक्षेत्र भौगोलिक क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे छोटा है?

A. चंडीगढ़
B. पुदुचेरी
C. दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव
D. लक्षद्वीप

103.मॉलिब्डेनम का सर्वाधिक उत्पादन करने वाली क्लाइमेक्स खान कहाँ स्थित है?

A. कनाडा
B. संयुक्त राज्य अमेरिका
C. ऑस्ट्रेलिया
D. दक्षिण अफ्रीका

104.अजोव सागर किससे जुड़ा हुआ है?

A. काला सागर
B. बाल्टिक सागर
C. भूमध्य सागर
D. उत्तरी सागर

105.निम्नलिखित में से ओजोन से संबंधित कौन-सा कथन सही नहीं है?

AFCAT I 2021
An Express Course
START FREE TRIAL

A. वायुमंडल में ओजोन अधिकतर 15-55 कि.मी. तक पायी जाती है।
B. गैसों की रासायनिक प्रतिक्रियाओं से ओजोन उत्पन्न होती है।
C. 16 नवम्बर, अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस के रूप में मनाया जाता है।
D. ओजोन, ऑक्सीजन का एक रूप है, जिसमें ऑक्सीजन के तीन परमाणु आपस में जुड़े होते हैं।

106.ऐसा बाजार, जिसमें बड़ी संख्या में फर्म हैं, समान प्रकार के उत्पाद हैं, किसी एक फर्म की माँग में अंतहीन लचीलापन है तथा मूल्य पर फर्मों का कोई नियंत्रण नहीं है, क्या कहलाता है?

A. अल्पाधिकार
B. अपूर्ण प्रतिस्पर्धा
C. एकाधिकारवादी प्रतिस्पर्धा
D. संपूर्ण प्रतिस्पर्धा

107.साधारणत: माँग वक्र (डिमांड कर्व) में बदलाव नहीं होगा, यदि

A. किसी वस्तु के मूल्य में गिरावट होती है
B. किसी तय मूल्य पर ग्राहक अधिक क्रय करने का इच्छुक होता है
C. औसत आय बढ़ती है
D. जनसंख्या बढ़ती है

108.औद्योगिक उत्पदन के सूचकांक (आइ. आ. पी.) के उपयोग-आधारित वर्गीकरण में सर्वाधिक महत्व किसको दिया गया है?

A. प्राथमिक वस्तुएँ
B. मध्यवर्ती वस्तुएँ
C. उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएँ
D. उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुएँ

109.निम्नलिखित देशों को वैश्विक मानव विकास सूचकांक, 2019 के अनुसार अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए:

A. जर्मनी
B. संयुक्त राज्य अमेरिका

C. दक्षिण अफ्रीका
D. भारत

110.निम्नलिखित में से किस देश के साथ 2014-
15 से भारत का निरंतर व्यापार अधिशेष रहा है?

A. चीन
B. सऊदी अरब
C. संयुक्त राज्य अमेरिका
D. जर्मनी

111.निम्नलिखित मे से कौन-सा प्रवाल-भित्ति द्वीप नही है?

A. ग्रेट बैरियर रीफ, ऑस्ट्रेलिया
B. रेनबो रीफ, फिजी
C. स्वराज द्वीप, भारत
D. क्यूशू द्वीप, जापान

112.निम्नलिखित में से किस रज्य में खेलो इंडिया यूथ गेम्स (चौथा संस्करण) के आयोजन की योजना है?

A. केरल
B. हरियाणा
C. गुजरात
D. मणिपुर

113.जी.सी. मुर्मु, जिनको अगस्त 2020 में भारत का नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक नियुक्त किया गया था, इसके पूर्व निम्नलिखित में से किस केन्द्रशासित प्रदेश के उपराज्यपाल/प्रशासक थे?

A. लद्दाख
B. जम्मू और कश्मीर
C. चंडीगढ़
D. पुदुचेरी

AFCAT I 2021
An Express Course
START FREE TRIAL

114.इनमें से किसने विख्यात गणितज्ञ के जीवन पर आधारित चलचित्र में शकुंतला देवी का चरित्र निभाया?

A. माधुरी दीक्षित
B. रानी मुखर्जी
C. तब्बू
D. विद्या बालन

115.निम्नलिखित में से किस देश ने उस चक्रवात का नाम 'निसर्ग' दिया था, जिसने जून 2020 में महराष्ट्र और गुजरात के तटीय क्षेत्रों का विनाश किया था?

A. मालदीव
B. बांग्लादेश
C. थाईलैंड
D. जापान

116.12 अगस्त किस रूप में मनाया जाता है?

A. विश्व पर्यावरण दिवस
B. विश्व तंबाकू-निषेध दिवस
C. नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध व्यापार के विरोध का अंतर्राष्ट्रीय दिवस
D. अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस

117.निम्नलिखित में से कौन-सा आयोग अनुच्छेद 338A से संबंधित है?

A. राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग
B. राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
C. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग
D. राष्ट्रीय महिला आयोग

118.निम्नलिखित में से कौन-सी अधिकार-
पृच्छा का आदेश (को वारंटो रिट) जारी करने की आवश्यक शर्त नहीं है?

A. पद का सार्वजनिक पद होना आवश्यक है।
B. पद का सृजन कानून द्वारा अथवा स्वयं संविधान द्वारा होना आवश्यक है।
C. पद निश्चित रूप से मूल पद नहीं होना चाहिए।
D. ऐसे व्यक्ति द्वारा वह पद संभालने से संविधान अथवा कानून का उल्लंघन हुआ है।

119.निम्नलिखित में से भारत के संविधान के कौन-से अनुच्छेद, मौलिक अधिकारों के अनुच्छेद 14 तथा अनुच्छेद 19 में उल्लिखित प्रावधानों के अपवाद हैं?

A. अनुच्छेद 31A और अनुच्छेद 31C
B. अनुच्छेद 31B और अनुच्छेद 31D
C. अनुच्छेद 12 और अनुच्छेद 13
D. अनुच्छेद 16 और अनुच्छेद 17

120.राष्ट्रपति के पद की अवधि से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

A. राष्ट्रपति के पद की अवधि पाँच वर्ष है।
B. राष्ट्रपति को महाभियोग द्वारा पद से हटाया जा सकता है।
C. राष्ट्रपति अपने पद की अवधि समाप्त होने के पूर्व लोक सभा अध्यक्ष को लिखित त्यागपत्र दे सकता है।
D. राष्ट्रपति अपने पद की अवधि समाप्त हो जाने पर भी तब तक पद धारण करता रहेगा, जब तक उसका उत्तराधिकारी अपना पद ग्रहण नहीं कर लेता है।